हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 16 नवंबर 2025

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 शहर वासियों को 15 मीटर चौड़ी सड़क देने के...




09 नपा अध्यक्ष ने कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण...



## खबर संक्षेप

### डीसीए सीहोर ने भोपाल वेटर्न को आठ विकेट से हराया

**सीहोर**। शहर के बीएसआई मैदान पर शनिवार से कृष्णा ट्राफी का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में शहर की चार टीमों को शामिल किया गया है। वहीं शुक्रवार को एक मैत्री मैच का आयोजन डीसीए सीहोर ने भोपाल वेटर्न को आठ विकेट से हराया। इस मैच में डीसीए की ओर से हितेश केसरिया ने 61 गेंद पर 76 रन की विस्फोटक पारी खेली। इस मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, मनोज दीक्षित मामा आदि ने डीसीए के कप्तान वीरु वर्मा सहित टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भोपाल वेटर्न टीम ने 127 रन बनाए थे। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीहोर डीसीए की टीम ने दो विकेट खोकर 18.2 ओवर में विजय लक्ष्य हासिल किया। इस मैच में डीसीए की ओर से हितेश केसरिया ने 61 गेंद पर 76 रन, संजय ने 13 गेंद पर 15 रन, रविन्द्र यादव ने 11 रन, कमलेश पारोचे ने सात रन और आदि ने नौ रन की पारी खेली। मैच के अंत में डीसीए सीहोर के कप्तान वीरु वर्मा सहित पूरी टीम को जीत की बधाई दी। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार से शहर के बीएसआई मैदान पर कृष्णा ट्रॉफी का आयोजन किया जाएगा।

### शहर की गलियों में श्वानों की दहशत, रात में घर से निकलना खतरे से नहीं खाली

# सुप्रीम कोर्ट का आदेश भी बेअसर, डॉग गैंग का आतंक, भय और दहशत में जी रहे लोग

बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में शैक्षणिक संस्थानों और अस्पताल परिसरों से आवारा कुत्तों को हटाने का कड़ा आदेश दिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर की सड़कों और गलियों में स्ट्रीट डॉग अब खौफ का दूसरा नाम बन चुके हैं। हालात यह हैं कि रात होते ही शहर के मोहल्ले युद्ध के मैदान जैसे लगते हैं, जहां हर मोड़ पर कुत्तों के झुंड पहरा देते नजर आते हैं। स्टेशन रोड, गंज क्षेत्र, पुराना इंदौर रोड, मछली बाजार और अस्पताल इलाके में बाइक, पैदल और साइकिल सवारों को चार-पांच कुत्ते एक साथ घेर लेते हैं और मौके देखकर झपट पड़ते हैं।

बच्चों और बुजुर्गों के लिए हालात सबसे ज्यादा भयावह हैं। कई परिवार शाम ढलते ही घरों से बाहर निकलने में डरते हैं। यह खौफ शहर के आम जीवन को धीरे-धीरे निगल रहा है। न केवल सड़कों पर, बल्कि सरकारी अस्पताल, स्कूल और कॉलेज परिसरों में भी आवारा कुत्तों का कब्जा है। मरीजों और अभिभावकों को रोजाना डर के साए में अस्पतालों में रहना पड़ता है। कई बार तो वार्डों के बाहर तक कुत्ते आ जाते हैं। बुधनी और इछावर में तो हाल ही में अस्पताल के भीतर और स्कूलों के पास बच्चों पर कुत्तों के हमले के मामले सामने आए, जिनसे लोगों में गुस्सा और भय दोनों है।

**सुप्रीम कोर्ट ने दिया कड़ा आदेश :** देशभर में बढ़ती घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि शैक्षणिक संस्थानों और अस्पताल परिसरों से आवारा कुत्तों को तत्काल हटाया जाए। इन परिसरों की चारदीवारी कर कुत्तों की एंट्री रोकनी होगी और पकड़े गए कुत्तों को वहीं दोबारा छोड़ा नहीं जा सकेगा। कोर्ट ने सड़कों और हाइवे से आवारा मवेशियों को हटाने के लिए भी विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है।




### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी सड़कों पर क्यों कायम है कुत्तों का आतंक?

बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में शैक्षणिक संस्थानों और अस्पताल परिसरों से आवारा कुत्तों को हटाने का कड़ा आदेश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि पकड़े गए कुत्तों को दोबारा परिसर के पास नहीं छोड़ा जाएगा और प्रवेश रोकने के लिए चारदीवारी सुनिश्चित की जाए। लेकिन जमीनी स्थिति इससे बिल्कुल उलट है। सीहोर सहित जिले में स्ट्रीट डॉग का आतंक और भी बढ़ता दिख रहा है।

#### कब-कहां बरपा कुत्तों का आतंक

10 अप्रैल 2025: आष्टा में पांचवी कक्षा के छात्र हस्सान पर चार कुत्तों ने हमला किया।

20 जून 2025: बुधनी में छह वर्षीय देवराज पर झपटे स्ट्रीट डॉग।

6 नवंबर 2025: इछावर बाजार में आमीन खां के छह साल के बेटे को कुत्ते ने पैर में काटा।

7 नवंबर 2025: इछावर शासकीय अस्पताल के गार्ड कैलाश सिंह पर डॉग का हमला, अस्पताल परिसर में ही घायल।

### हर महीने 350 से ज्यादा शिकार, रेबीज वैक्सीन की मांग बढ़ी

सीहोर जिले में हर महीने औसतन 300 से 350 कुत्ते के काटने के केस दर्ज होते हैं। अकेले जिला अस्पताल में 150 तक मरीज रेबीज वैक्सीन लगवाने पहुंचते हैं। बाकी मरीज निजी अस्पतालों का रुख करते हैं। चिकित्सकों का कहना है कि नगर पालिका अगर समय-समय पर कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण अभियान चलाए तो इन मामलों में कमी लाई जा सकती है, लेकिन फिलहाल ऐसा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

**प्रशासन की सफाई :** नगर पालिका सीएमओ सुधीर श्रीवास्तव का कहना है कि समय-समय पर कुत्तों को पकड़ने के अभियान चलाए जाते हैं, पर सुप्रीम कोर्ट की नई गाइडलाइन के मुताबिक राज्यस्तरीय योजना आने के बाद ही ठोस कार्रवाई होगी। मगर जनता पूछ रही है कि क्या तब तक लोग डर में जीते रहेंगे? शहर में बच्चों का स्कूल जाना, बुजुर्गों का मंदिर जाना या मरीजों का अस्पताल पहुंचना,सब एक खतरे का सफर बन गया है।

## शुरू हुई ठंड, इम्युनिटी का रखें ख्याल



**नलखेड़ा**। सर्दियों के इस मौसम में ठंड से बचने के साथ ही शरीर के अंदर की इम्युनिटी का ख्याल रखना भी बेहद आवश्यक है। सर्दियां प्रारंभ होते ही गर्म वस्त्र अलमारियों में से निकल चुके है। ठंड के इस मौसम में गर्म कपड़े ही जरूरी नहीं है इनके साथ शरीर को अंदर से गर्म रखने के लिए आपकी डाइट भी बेहतर होना चाहिए। सर्दी के मौसम में जोड़ो का दर्द, रूखी त्वचा जैसी शिकायतें आम होती हैं। ये समस्याएं उत्पन्न नहीं हो इसके लिए इम्युनिटी का खास ख्याल रखना होगा। यदि इम्युनिटी बेहतर है तो आप बीमार नहीं होंगे।

सर्दी के मौसम में इम्युनिटी बेहतर रखने के लिए कुछ चीजें है जिनके सेवन से इम्युनिटी बेहतर रह सकती है। देशी घी इम्युनिटी का बूस्टर माना जाता है। भोजन में इसका सेवन करने से आपका शरीर भी गर्म रहेगा। शकरकंद एक बेहतरीन इम्युनिटी बूस्टर है। शकरकंद एक हेल्दी ब्रेकफास्ट हो सकता है। इसके सेवन से सूजन भी कम होता है। ठंड में मूंगफली व बादाम भी इम्यून सिस्टम को बूस्ट कर सकते हैं। बाकायदा इनका निर्धारित मात्रा में नियमित सेवन किया जाए। इनके सेवन से कोलेस्ट्रॉल व इंफ्लामेशन में कमी आती है।

आंवला विटामिन सी का सबसे अच्छा सोर्स माना जाता है। यह इंफेक्शन को दूर रखता है। इम्युनिटी को बूस्ट करता है। आंवला का सेवन अचार मुरब्बा चटनी जूस या कैंडी के रूप में कर सकते हैं लेकिन यह याद रखें कि इसमें शक्कर की मात्रा कम रहे। सर्दी के मौसम में यदि आपको जोड़ो का दर्द हो तो आप खजूर का अवश्य सेवन करें। इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन्स मिनरल्स व फाइबर होते हैं। सर्दी के मौसम में चीनी की जगह गुड़ का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। गुड़ में आयरन होता है जो लंग्स को साफ करता है।

## भाजपा नगर मंडल ने बिहार जीत का जश्न मनाया, ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी हुई, जमकर थिरके कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भाजपा नेताओं ने शुक्रवार को जमकर जीत का जश्न मनाया। बिहार में मिली प्रचंड जीत से उत्साहित कार्यकर्ता और नेतागण बस स्टैंड स्थित भाजपा कार्यालय पर एकजुट हुए। यहां ढोल की थाप पर थिरकते हुए एक-दूसरे को बधाई दी।

शुक्रवार दोपहर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की कार्यालय पर जमकर भीड़ उमड़ी। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली प्रचंड जीत से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा पर पुष्प वर्षा कर मुंह मीठा कराया। कार्यालय के बाहर भाजपाइयों ने जमकर आतिशबाजी की और मिठाई का वितरण किया। यहां ढोल की थाप पर पार्टी नेता और कार्यकर्ता जमकर थिरके। बधाई के दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्री प्रजापति ने कहाकि बिहार में एनडीए की सरकार में पिछले 20 वर्षो से जो सुशासन का राज रहा और जो वहां विकास की गंगा बही है, उससे वहां के लोगों का भरोसा बीजेपी और एनडीए पर बढ़ा है। खासकर माताओं और बहनों ने सरकार और भरोसा जताया। जिस कारण से एनडीए ने प्रचंड बहुमत हासिल किया। बधाई देने वालों भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, भाजपा नगर अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, राजकुमार गुप्ता, कन्हैया लाल, मोहन चौरसिया, लखन चौरसिया, विजेंद्र परमार, अनिल परमार अशोक सिसोदिया आशीष पचौरी जितेंद्र यादव मुकेश मेवाड़ प्रवेश राठौड़ गोविंद मीना, अनुराग मिश्रा, हर्षा राठौर सीमा परिहार नूतन राठौर प्रेमलता राठौर राजेश परिहार समीर नानू सेन तुषार बाटा, बंटी भाई अंकुर राय नरेंद्र राजपूत आदि बड़ी संख्या में महिला मंडल की कार्यकर्ता शामिल थे।

## पीएमश्री स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल मंडी में 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया गया



**सीहोर**। पीएमश्री स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल मंडी सीहोर में शुक्रवार 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बाल मेले का आयोजन किया गया। स्कूल के विद्यार्थियों ने बाल मेला में उत्साह के साथ भाग लिया। मेला में विद्यार्थियों ने फुलकी, भेलपुरी, समोसा, पापड़, छोले, नान खटाई, रस गुल्ले आदि स्वादिष्ट व्यंजन बनाए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अनुष्का राठौर पार्षद ने फीता काट कर बाल मेला का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या डॉ. हेमलता राठौर, धर्मपाल सिंह गौतम, प्रमोद शर्मा, संकुल सह समन्वयक शशिकला पाण्डेय, शिवराज सिंह पवार पूरे समय उपस्थित थे। मंच संचालन शर्मिला जैन ने किया। बाल मेले के आयोजन के साथ ही व्यंजन, फेंसी ड्रेस, डांस, खेल, इक्को क्लब, रंगोली, स्वच्छता पखवाड़ा पर पुरस्कार वितरण बच्चों को किये गये।

कार्यक्रम में रत्ना सक्सेना, शबनम, अमिता कसौरिया, गुंजन शर्मा, सरला चौहान, राजकुमारी वर्मा, ज्योति गौर, सोनू जैन, पायल, मोहिनी, शिवानी, राम सर,आयुष, संतोष, ओमप्रकाश स्टॉफ उपस्थित रहा।

## सोने चांदी के गहने और नकदी तीस हजार रु. चोरी करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार



**सीहोर**। खिड़की से घर के अंदर घुस कर अलमारी में रखे लाखों रुपए के गहने और तीस हजार रुपए नगद चोरी करने वाले छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी गया सामान जब्त करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी सोनू वर्मा पिता देवकरण वर्मा निवासी ग्राम मुस्करा ने 28 जून को मंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि घर के सारे लोग जब अपने अपने कमरे में सो रहे थे। तभी रात में एक से तीन बजे के बीच किचिन में लगी खिडकी की रोड निकालकर अज्ञात चोर खिडकी के रास्ते से घर में अंदर घुसे और अलमारी का ताला तोड़कर उसमे रखे सोने चांदी के जेवर, एक सुई धागा, एक छोटी लोंग, दो जोडी चांदी की पायल, एक जोड सोने की झुमकी, एक सोने के हार, दो सोने के मंलगसूत्र के पेंडिल, तीन जोडी चांदी की बिछिया, एक सोने की अंगूठी, एक सोने का रानी हार, दो चांदी की चूडी और 30 हजार रुपए केश चोरी कर ले गए। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने विवेचना में लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी दीपक कुमार शुक्ला, एसएसपी सुनीता रावत, सीएसपी डॉ अभिनंदना शर्मा के नेतृत्व में थाना प्रभारी मंडी सुनील मेहर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जांच टीम ग्राम हुलखेडी पहुंची जहां मुखबिर के बताए अनुसार एक दुबला पतला व्यक्ति चेहरा लंबा हुलखेडी गांव के बाहर यात्री प्रतीक्षालय के पास बीडी पीता हुए मिला। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम बाबलाल पिता प्रभुलाल मोंगिया, उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम हुलखेडी बताया। उसने अपने गांव के अन्य साथियों के साथ मिल कर 28 जून की रात में पावर्ती नदी के आगे हाईवे रोड़ के पास वाले गांव के एक पक्के मकान में पीछे से खिड़की तोड़ कर चोरी करना स्वीकार किया और बताया कि उसके साथ उसके गांव के शालू सिसोदिया, कल्लू सिसोदिया, काला उर्फ अर्जुन, जितेंद्र औ राजकुमार सिसोदिया भी शामिल होना बताया। बाबूलाल को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उक्त नामजद चोरों की तलाश की, आरोपी शालू पिता चैन सिंह सिसोदिया उम्र 35 साल निवासी ग्राम हुलखेडी ,कल्लू सिसोदिया पिता भारत सिंह सिसोदिया उम्र 43 साल निवासी हुलखेड़ी बोडा ,जितेन्द्र पिता बद्रीनाथ सांसी उम्र 30 साल निवासी हुलखेड़ी थाना बोड , राजकुमार पिता कुमेर सिंह सांसी, उम्र 45 साल निवासी हुलखेड़ी बोडा, अर्जुन उर्फ कालू पिता नसरुद्दीन उम्र 21 साल, निवासी हुलखेड़ी बोडा को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, जिनके द्वारा चोरी करना स्वीकार किया गया।

### ऑक्सफोर्ड स्कूल में बाल दिवस पर बाल मेले का आयोजन

# बाल दिवसः बच्चों ने लगाए स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल, अभिभावकों ने की खरीददारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के प्रतिष्ठित दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल में आज बाल दिवस के उपलक्ष्य में भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों के लिए भी एक यादगार अनुभव बन गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. मंगलेश जायसवाल, व्याख्याता डाईट सीहोर, कृतिका जायसवाल एचआर मैनेजर सोलर इण्डस्ट्री मेन्युफेक्चरिंग दिल्ली रही। बाल मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथिगण, संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन और प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने किया। मेले में छात्रों ने विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए थे, जहां उन्होंने मेला लगाने का अनुभव लिया। इन स्टालों पर बच्चों ने न केवल खाद्य पदार्थों की बिक्री की, बल्कि कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध कराए गए । इस अवसर पर एड. जॉली कुरियन और प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने सभी को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं और सभी बच्चों को माता-पिता व गुरूजन का सम्मान करने को कहा। मुख्य अतिथि व विद्यालय की पूर्व छात्रा कृतिका जायसवाल ने अपने विद्यालय के अनुभव साझा किए और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। बाल दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों ने भी मनमोहक प्रस्तुति दी। शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत किए गए गीत और नृत्य ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और कार्यक्रम में रंगारंग माहौल का निर्माण किया। साथ ही सत्र 2024-25 के मेधावी छात्रों को स्मृति चिह्न भेंटकर कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन एवं समस्त शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी। इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं पालकगण उपस्थित रहे।




## पंडित जी ने आजादी के बाद देश को एक नई दशा और दिशा प्रदान कीः राजीव गुजराती

### नेहरू की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर लगाए गगनभेदी नारे



**सीहोर**। सीहोर मुख्यालय बस स्टैंड स्थित नेहरु पार्क में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में पार्क में स्थित नेहरु जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूर्व प्रधान मंत्री स्व.पण्डित जवाहर लाल नेहरू की जंयती मनाई गई। इस मौके पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने नेहरूजी के बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राजीव गुजराती ने कहा कि पण्डित जी ने आज़ादी के बाद देश को एक नई दशा और दिशा प्रदान की, इस देश का प्रत्येक नागरिक उनके अविस्मरणीय योगदान को कभी नहीं भुला सकता। आधुनिक भारत का निर्माण पंच वर्षीय योजना, प्रोधोगोकी प्रोत्साहन, जैसे कई देश हित के कार्य उनके द्वारा किए गए ऐसे महापुरुष को देश कभी भुला नही सकता। पंडित जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल में लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करना, राष्ट्र और संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को स्थायी भाव प्रदान करना और योजनाओं के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को सुचारू करना उनके मुख्य उद्देश्य रहे।

जवाहरलाल नेहरू के कुछ प्रसिद्ध नारे हैं आराम हराम है, पूर्ण स्वराज का नारा देश की प्रगति के लिए कड़ी मेहनत पर जोर देता था। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, सीताराम भारती, विवेक राठौर, निशांत वर्मा, डॉ.अनीस खान, सुनील दुबे, सुरेश बाबू राठौर, नरेन्द्र खंगराले, घनश्याम यादव, मुनव्वर मामू, प्रेमनारायण परमार, योगेन्द्र राय, ईश्वर सिंह चौहान, केके रिछारिया, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, अजय रैयकवार, आसिफ अंसारी, यश यादव, शुभम लक्की सक्सेना, विजय वर्के, गजराज परमार, ब्रजेश पाटिदार, मोनू शर्मा, अरबाज खान, ओम सोनी आदि प्रमुख है।

**खबर संक्षेप**

## छोटू सिंह और बागवान की होगी भजन संध्या



**देवास।** पूर्व मंत्री तुकोजीराव पवार महाराज की जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर शहर में आज शाम भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा। भजन संध्या की तैयारियां लंबे समय से चल रही हैं। राधागंज स्थित क्लब ग्राउंड में आज बड़े स्तर पर यह भक्ति समागम सजने वाला है। कार्यक्रम सायं 7 बजे से प्रारंभ होगा। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष शुभम चौहान द्वारा आयोजित की जा रही इस भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक छोटू सिंह रावणा सांवरिया सेठ और खाटू श्याम के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे। जबकि नितिन बागवान बाबा महाकाल और भगवान शिव की भक्ति से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत करेंगे। इसमें मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र बाबा खाटू श्याम का गर्भ ग्रह और मनमहेश के रूप में विराजमान बाबा महाकाल राजा रहेंगे। पूरे वातावरण में सांवरिया सेठ की महिमा और महाकाल की दिव्यता की गूंज के साथ एक अलौकिक आध्यात्मिक माहौल बनेगा। इस आयोजन में मुख्य रूप से सांवरिया सेठ मंदिर मंडफिया के मुख्य पुजारी भगवानदास महाराज तथा हिमांशु महाराज मुख्य रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक गायत्री राजे पवार और विक्रमसिंह पवार उपस्थित रहेंगे।आयोजन को सफल बनाने में निगम सभापति रवि जैन, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, विनय सांगते, मनीष सेन, रघु भदौरिया, चिंटू रघुवंशी, भारत चौधरी, ओम जोशी, गणेश पटेल और धर्मेंद्रसिंह बैस शामिल रहे। आयोजन को लेकर श्रद्धालु भक्तों में भी उत्साह है। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील लोकेंद्र दरबार, सुरेंद्र बिरला, वीरेंद्र गोस्वामी, सुनील राठौर, राजेंद्र दरबार, आनंद चौधरी और विरेंद्र सिसोदिया ने की है। उक्त जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम चौहान ने दी।

### मार्ग चौड़ीकरण में बाधा बन रहे अतिक्रमणों को हटाने निगम ने लिया जिला एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग

# शहर वासियों को 15 मीटर चौड़ी सड़क देने के लिए निगम ने दूसरे दिन भी जारी रखी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई





### निगम ने जेसीबी पोकलैंड की मदद से 100 से ज्यादा बाधक मकानों के हिस्सों को तोड़ने की कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के व्यस्तम एमजी रोड पर अतिक्रमण हटाने का अभियान शुक्रवार से शुरू किया गया, कार्रवाई दूसरे दिन शनिवार को भी जारी रही। शुक्रवार को शालिनी रोड से कार्रवाई शुरू हुई है। कार्रवाई शनिवार शाम होते होते नावेल्टी चौराहे के आगे तक पहुंच गई। ज्ञात हो कि एमजी रोड को चौड़ा कर यातायात को सुगम बनाना है, जिसके लिए रोड़ को 150 मीटर तक चौड़ा करने की योजना है। निगम ने शनिवार को जेसीबी बुलडोजर की मदद से 100से ज्यादा मकानों को तोड़ने की कार्रवाई की। अतिक्रमण हटाने के बाद एमजी रोड को चौड़ा करके 15 मीटर का किया जाएगा, जिसके लिए मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत लगभग 06 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत वाली परियोजना को मंजूरी मिली है। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल के साथ जेसीबी और पोकलैंड मशीनें तैनात की गईं। शनिवार को तीन पोकलैंड मशीनों की मदद से मार्ग मे बाधा बन रहे भवनों को तोड़ा गया। जिससे कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में तेजी आई। निगम अधिकारियों अनुसार, यह कार्रवाई सड़क चौड़ीकरण और यातायात व्यवस्था में सुधार के उद्देश्य से की जा रही है।

### 108 अतिक्रमणों को निगम ने हटाया

शहर के सबसे व्यस्ततम महात्मा गांधी मार्ग के चौड़ीकरण मे बाधक बन रहे अतिक्रमणों को नगर निगम के अमले के द्वारा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से शुक्रवार एवं शनिवार को चलाए गए अभियान अन्तर्गत 108 अतिक्रमणों को हटाया गया। अभियान आयुक्त दलीप कुमार के नेतृत्व मे शनिवार को भी जारी रहा। जिसमें सुभाष चौक क्षेत्र से नावेल्टी चौराहे तक 48 पक्के अतिक्रमणों को तोडा गया। इसके पूर्व शुक्रवार 14 नवम्बर को शालिनी रोड जनता बैंक चौराहे से सुभाष चौक तक 60 पक्के अतिक्रमणों को हटाया गया था।

अभियान मे निगम द्वारा पोकलेण्ड मशीनों, जेसीबी, ट्रेक्टर ट्राली व अन्य संसाधनों के साथ कार्यवाही की गई। अभियान मे निगम के तकनिकी अमले मे निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, प्र. कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, सौरभ त्रिपाठी, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, सहायक यंत्री मुशाहीद हन्फी, उपयंत्री श्याम सुन्दर रघुवंशी, विजेता पाण्डे, करूणा दशोरिया, तथा स्वच्छता निरीक्षकों एवं अन्य विभागों का अमला एवं निगम गैंग के कर्मचारियों का अमला भी कार्यवाही मे शामिल रहा। आयुक्त द्वारा अभियान के दौरान निगम अधिकारियों, कर्मचारियों को सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट एवं अन्य संसाधन भी उपलब्ध कराए गए। उल्लेखनीय है कि नगर निगम ने पूर्व मे अतिक्रमणकारियों को विभागीय सूचना पत्र देने के साथ ही क्षेत्रों मे ऐलान भी कराया जाकर सूचना दी गई थी। निगम प्र. कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती ने बताया कि अभियान रविवार 16 नवम्बर को भी जारी रहेगा।

### आयुक्त और एएसपी ने संभाला मोर्चा

शनिवार को दूसरे दिन जारी कार्रवाई में नगर निगम आयुक्त दलीप सिंह ने खुद एमजी रोड पहुंचकर मुहिम का जायजा लिया। पुलिस प्रशासन से एएसपी जयवीर सिंह अपने दल के साथ मौजूद रहे। पूरी कार्रवाई के लिए कुल 216 बाधक निर्माणों को चिह्नित किया गया है। निगम आयुक्त दलीप सिंह ने बताया कि कुल 216 बाधक निर्माणों को चिह्नित किया गया है, जिन्हें हटाया जा रहा है। पहले दिन 63 चिह्नित अतिक्रमणों में से 55 हटाए गए, जबकि 8 पर कोर्ट से स्थगन आदेश होने के कारण उन्हें फिलहाल नहीं छेड़ा गया है।

### भारी पुलिस बल रहा तैनात

एएसपी जयवीर सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। नगर निगम की टीम में 3 जेसीबी, तीन पोकलेन, 2 डंपर, 2 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। मुहिम के दौरान कई दुकानदारों ने स्वयं आगे आकर अतिक्रमण हटाया।





## जनजातीय गौरव दिवस पर बागली में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

जिले में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती गरिमामय रूप से मनाई गई। बागली में जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलास्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों को चेक का वितरण किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग की हितग्राहियों योजनाओं की जानकारी देने के स्टॉल भी लगाया गया। स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं तथा आदिवासी लोक नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया। कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय स्तरीय



कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा। कार्यक्रम का शुभारम्भ धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में अतिथिगण जनजातीय वेषभूषा पहन कर शामिल हुए। इस दौरान विधायक आशीष शर्मा ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की आजादी का इतिहास असंख्य महापुरूषों के बलिदान से भरा हुआ है। उन्हीं में से एक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा है। जिनके अमर बलिदान को हम भुला नहीं सकते है। उन्होंने जनजातीय समाज के ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा को नई जागृति के प्रतीक के रूप में याद करते हुए कहा कि हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

विधायक हाटपीपल्या मनोज चौधरी ने जनजातीय गौरव दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भगवार बिरसा मुंडा ने अपने राष्ट एवं जनजातीय समाज की रक्षा के लिए अपना सबकुछ समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी की ऐसी भावना होनी चाहिए की जब भी राष्ट्र को हमारी जरूरत पडे तो हमारे कदम सबसे पहले उठना चाहिए। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सभी को जनजातीय गौरव दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा द्वारा देश में अग्रेजों के विरूद्ध अभियान चलाया गया उनसे प्रेरणा लेकर कई आदोंलन हुए। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में पूर्व विधायक बागली पहाड़ सिंह कन्नौजे, कार्यक्रम प्रभारी कमल यादव, खुशीलाल राठौर, संतोष काकडिया, पिंकी बारेली, भगवान सिंह कासलीवाल, गजराज डावर, राम ओसारी व जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक संगठन पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## हाईवे मार्ग पर गड्ढे के कारण पलटी यात्री बस
## खराब मार्ग के कारण एक दिन में हुए तीन हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग इन दोनों गड्ढों में तब्दील हो चुका है। मार्ग के कई हिस्से गड्ढे में तब्दील हो चुके हैं, जिसको लेकर लगातार खबरें प्रकाशित कर जिम्मेदारों को अवगत कराया जा रहा है ,लेकिन बावजूद इसके संबंधित विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझ रहे हैं जिस कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। शनिवार को एक बार फिर बड़ा हादसा होते-होते टल गया। इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर शनिवार सुबह एक यात्री बस गड्ढे के कारण पलट गई, जिसमें सवार यात्रियों को चोट आई।

जानकारी अनुसार एक यात्री बस कमलापुर से इंदौर जा रहे थे। इस दौरान हाईवे मार्ग पर ग्राम पोलाय



के समीप स्थित पेट्रोल पंप के सामने असंतुलित होकर एक यात्री बस पलट गई, जिसमें बताया जा रहा है कि लगभग 15 से 20 यात्री सवार थे जिन्हें मामूली चोटे आई है। हादसे का कारण मार्ग पर स्थित गहरे गड्ढे बताए जा रहे है। बस का अगला पहिया गड्ढे में जैसे ही उतरा पहिए की गुल्ली टूट गई और स्टेरिंग फेल हो गया। चालक ने जैसे ही बस को नियंत्रित करना चाहा वह असंतुलित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के दौरान लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। बस में सवार यात्रियों को मामूली चोटे आई। बता दे कि इस बस में बड़ी संख्या में मजदूर वर्ग के लोग इंदौर काम करने के लिए जाते हैं। इसी दौरान इंदौर से हरदा की ओर जा रहे बाइक सवार इंदौर निवासी पप्पू सिंह राजपूत भी हादसे का शिकार हुए। बताया जा रहा है कि वह भी इंदौर से हरदा की ओर जा रहे थे। इस दौरान ग्राम पोलाय के समीप सड़क पर गड्ढों के कारण बाइक सड़क पर गिर गई, बाइक पर पप्पू सिंह कि पत्नी भी बैठी हुई थी जो कि घायल हुई। एक लोडिंग आईसर वाहन हरदा की ओर जा रहा था गड्ढे के कारण वह भी असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया। शनिवार सुबह एक किमी के दायरे में ही एक घंटे के अंतर्गत तीन सड़क हादसे हुए। तीनों हादसे सड़क में गड्ढों के कारण होना बताया गया है। पुलिस थाना कमलापुर प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि हादसे में किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई है। मामूली चोटे आई है,बस के अगले पहिए कि गुल्ली टूटने के कारण हादसा होना बताया गया है।

### भाजपा का जिला स्तरीय महिला सम्मेलन आयोजित, बड़ी संख्या में शामिल हुईं मातृशक्ति

# महिलाएं हर क्षेत्र में निभा रही अपनी महत्वपूर्ण भूमिका: पवार





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान अंतर्गत स्थानीय प्रमिला राजे परिसर, भोपाल चौराहा, देवास में शनिवार को जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक गायत्री राजे पवार उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश मंत्री व मुख्य वक्ता बबीता परमार ने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा सरकार ने जो कदम उठाए हैं, वे इतिहास में मील का पत्थर बनेंगे। आज महिलाएं स्वरोजगार, उद्यमिता और नेतृत्व के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। हमें हर बहन को यह विश्वास दिलाना है कि वह समाज की सबसे बड़ी शक्ति है और उसके सपनों के पीछे पूरा संगठन खड़ा है।

अपने संबोधन में विधायक पवार ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब हमारी मातृशक्ति पूरी तरह सशक्त और स्वावलंबी बनेगी। प्रदेश और केंद्र सरकार महिलाओं के आर्थिक व सामाजिक उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं जिनका लाभ प्रत्येक पात्र बहन तक पहुंचना हमारी प्राथमिकता है। भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि जिला भाजपा संगठन महिलाओं के कल्याण और उनकी प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। महिला सम्मेलन जैसे आयोजन महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने के साथ उन्हें नई ऊर्जा और संबल प्रदान करते हैं। हमारी मातृशक्ति संगठन की रीढ़ है, और उनके सशक्तिकरण से ही राष्ट्र सशक्त होगा।इस अवसर पर महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री माया पटेल, जिला महामंत्री राजेश यादव, मनीष सोलंकी, विजय सिंह पंवार, पीपलरावां नगर पंचायत अध्यक्ष कविता शर्मा, हाटपीपल्या नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रकांता राठौर, खातेगांव नगर पंचायत अध्यक्ष सारिका चौधरी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रेखा शर्मा, पार्षद गणेश पटेल, धर्मेंद्र सिंह बैस, कार्यक्रम प्रभारी पुष्पलता सोनगरा, मोनिका शर्मा, आशा भावसार, शोभा नायक, शोभा गोस्वामी सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

## ऑक्सफोर्ड मालवा एकेडमी के बच्चों ने दिखाए व्यावसायिक हुनर




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ऑक्सफोर्ड मालवा एकेडमी, हाटपीपल्या (डिस्ट्रिक्ट देवास, मध्यप्रदेश) के निजी स्कूल में शुक्रवार को बालमेला (फूड कार्निवल) का कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और धूमधाम से संपन्न हुआ। इस आयोजन ने बच्चों में व्यावसायिक गुणों को विकसित करने के उद्देश्य को सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसमें अभिभावकों ने भी भरपूर सहयोग दिया। विविध व्यंजनों के स्टॉल बने आकर्षण का केंद्रइस अवसर पर नन्हे-मुन्ने व्यवसायियों ने विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों के स्टॉल लगाए। अनेक स्वादिष्ट पकवानों की पेशकश की गई। पालकों, दादा-दादी और बच्चों ने इन स्टॉलों का जमकर लुत्फ उठाया। गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थितिकार्यक्रम के मुख्यरूप से यू ट्यूबर राजू सेठ और गोपालदा उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। फूड स्टॉल्स के अलावा, मनोरंजन के लिए भी विशेष आकर्षण केंद्र बनाए गए थे। इनमें स्केरी हाउस, मिक्की माउस, जंपिंग और डिस्को क्लब शामिल थे, जहाँ बच्चों ने खूब मस्ती की। उक्त जानकारी स्कूल प्राचार्य वीरेन्द्र सहाय ने दी। इस दौरान संस्था के संचालक भारत पाटीदार, अशोक पाटीदार, महेंद्र पाटीदार, रोहित पटेल भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### साइबर हेल्प डेस्क ने 40 हजार वापस कराए

**ललितपुर।** एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी के संयुक्त निर्देश, एसपी मो.मुश्ताक के नेतृत्व में साइबर अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में साइबर हेल्प डेस्क पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। डेस्क में तैनात पुलिस कर्मियों ने ऑनलाइन फ्रॉड से गयी 40 हजार रुपये की धनराशि महिला को लौटाने में भूमिका का निर्वाहन किया है। गौरतलब है कि आवेदिका राजघाट निवासी प्रीति पत्नी हरविन्द सिंह के साथ 40 हजार रुपये की धनराशि की वित्तीय धोखाधड़ी हुई थी, जिसके सम्बन्ध में कोतवाली पर आवेदिका द्वारा शिकायत की गयी थी। साइबर हेल्प डेस्क टीम ने पीड़िता द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट व अन्य प्रपत्रों का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेंसियों, बैंकों, वालेट आदि से सम्पर्क कर द्वारा उचित माध्यम से संबंधित वित्तीय एजेंसियों को ई-मेल करके, पीड़िता का पैसा होल्ड कराकर, पीड़िता से फ्रॉड हुई सम्पूर्ण धनराशि को नियमानुसार वापस करने में सफलता प्राप्त की है।

### दूध बेचकर लौटते में बाइक ने मारी टक्कर

**ललितपुर।** थाना जखौरा के ग्राम चक्क नगवास निवासी ब्रजेन्द्र सिंह पुत्र देवकरन सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 27 अक्टूबर को शाम करीब 5 बजे वह अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 आर 0492 से पुत्र अमित के साथ दूध देकर घर आ रहा था। सिरसी राजघाट तिराहा के पास पीछे से तेज गति से भागती हुयी आ रही मोटर साइकिल नं. यू.पी. 94 ए.बी. 5434 के चालक थाना बार क्षेत्र के निवासी राममनोहर मोदी पुत्र जमुना प्रसाद ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह व उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### कबाड़ की दुकान से तांबा व पीतल चोरी

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला घुसयाना में रहने वाली अमीना बेगम पत्नी स्व.निजाम बेग ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी पेट्रोल पम्प के आगे नये बस स्टैण्ड के पास कबाड़ी की दुकान है। 22 अक्टूबर को कबाड़े की दुकान का सही तरीके से ताला बंद कर घर गयी थी। अगले दिन सुबह 9 बजे जब वह दुकान पर पहुंची तो वहां दुकान के ताले टूटे पड़े थे। दुकान का डाला खोलकर देखा तो दुकान में करीब 15 किग्रा तांबा व 20 किग्रा पीतल चोरी हो गया, जिसकी लागत करीब 35 सौ रुपये है। उसने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। सिविल लाइन चौकी इंचार्ज से शिकायत करने पर उसे जानकारी हुयी कि सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद होगी। पुलिस ने अमीना बेगम की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** पुलिस चौकी नेहरू नगर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 9 नवम्बर को रात 11 बजे उसकी 14 वर्षीय पुत्री को पड़ोस में रहने वाला अमरचंद्र सहरिया पुत्र हरगोविन्द बहला-फुसलाकर कर अपने साथ भगा ले गया है। काफी खोजबीन करने पर दो दिन बाद पता चला कि दोनों मध्य प्रदेश के जिला गुना में थे। पीड़ित ने अमरचंद्र सहरिया पर नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### युवती को घर में घुसकर दी गालियां, धमकी

**ललितपुर।** महरौनी थानान्तर्गत रहने वाली युवती ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि विगत 13 नवम्बर को शाम करीब 5.30 बजे वह घर में अकेली थी। तभी गांव का जीतू पुत्र भगवानदास उसके घर में घुस आया और शराब के नशे में उसे गालियां देते हुये गन्दे-गन्दे शब्द कहे। उसने अपने मां को बुलाने के लिए शोर किया तो उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने पीड़ित युवती की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

### गांधीनगर वार्ड नं 15 के निरीक्षण में साफ-सफाई व्यवस्था देखी

# नपा अध्यक्ष ने कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



शहर को साफ-सुन्दर-स्वच्छ बनाये जाने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा चलाये जा रहे निरीक्षण अभियान के तहत को अध्यक्ष सोनाली जैन (अभिलाषा) द्वारा वार्ड पार्षद एड.मनमोहन चौबे के साथ शहर के मोहल्ला गांधीनगर वार्ड नं 15 का निरीक्षरण करते हुए साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त किये जाने व सड़कों, नालियों एवं क्षतिग्रस्त चेंबरों की मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये गये। वहीं अनेक समस्याओं का निस्तारण अध्यक्ष द्वारा मौके पर ही कराया गया, जहां-जहां नालियां चौक थी. उन सभी को सफाई कमियों के माध्यम से खुलवाते हुए निर्देशित किया गया, वहीं अध्यक्ष द्वारा किये जा रहे कार्यों की मोहल्लेवासियों द्वारा सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

#### निरीक्षण अभियान ओवरब्रिज के नीचे से शुरू किया

मोहल्ला गांधीनगर वार्ड नं0-15 में निरीक्षण अभियान ओवरब्रिज के नीचे स्थित स्टेंट बैंक से शुरू किया गया, ओवर ब्रिज के नीचे पाई गई गंदगी को लेकर अध्यक्ष सोनाली जैन द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई, साथ ही नालियों में हो रहे जल भराव की समस्या के निस्तारण के निर्देश दिये। वार्ड में स्थित चंडी मंदिर के पीछे डाली गई नव निर्मित सड़क पर ठेकेदार द्वारा दोनों तरफ नालियां नहीं बनाये जाने के चलते अवर अभियंता निधि पाण्डेय को कड़े निर्देश दिये गये कि तत्काल रूप से संबंधित ठेकेदार को निर्देशित करें। इस दौरान पाया गया कि शमशान घाट की ओर जाने वाले रास्ते पर जल निगम द्वारा खोदी गई सड़क पर गड्ढे हो गए है, जिन्हें सही कराये जाने हेतु जल निगम के अधिकारियों का निर्देशित किया गया।

#### कार्यों की मोहल्लेवासियों ने सराहना की

*वहीं वार्ड में कई जगह पर चौक पड़ी नालियों, चेंबरों सहित अन्य छोटी-छोटी समस्याओं का मौके पर ही पालिका के कर्मचारियों से निस्तारण कराया गया। पालिका अध्यक्ष के द्वारा किये जा रहे कार्यों की मोहल्लेवासियों द्वारा सराहना की गई, वहीं मोहल्ले में पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनाली जैन (अभिलाषा) का वार्डवासियों द्वारा श्रीफल, शॉल देकर उन्हें सम्मानित किया गया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद एड. मनमोहन चौबे, विवेक जैन (जिम्मी), कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन, अवर अभियंता निधि पाण्डेय, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक / मुख्य स्टोर लिपिक महेन्द्र सिंह यादव, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार, नजूल लिपिक सुधीर रावत, धीरेन्द्र घावरी, गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू, दीक्षांक से तरूण कुमार, शैलेन्द्र परिहार, स्वास्थ्य नायक दीपक घावरी, अधिशासी अभियंता जल निगम एवं जल संस्थान सहित पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।*

---

### विश्व मधुमेह दिवस पर गोष्ठी

# मधुमेह व उसके सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी



**ललितपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार ने विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद ने बताया कि विश्व मधुमेह दिवस हर साल 14 नवंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य मधुमेह के बारे में जागरूकता फैलाना और इस बीमारी के खतरों को कम करने के लिए वैश्विक स्तर पर प्रयास करना है। यह दिवस डायबिटीज के बारे में जानकारी देने, रोकथाम के उपाय बताने और इस बीमारी से पीड़ित लोगों की सहायता करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। नोडल अधिकारी एन.सी.डी. डॉ. अमित तिवारी ने बताया कि डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है जिसमें शरीर शुगर को सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर पाता है। इसके कारण शरीर में ब्लड शुगर का स्तर बढ़ जाता है, जिससे कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। डायबिटीज के मुख्य प्रकार हैं इसमें शरीर इंसुलिन नहीं बनाता है, इसमें शरीर इंसुलिन का उपयोग ठीक से नहीं कर पाता है, जिससे ब्लड शुगर का स्तर बढ़ जाता है।- गेस्टेशनल डायबिटीजः यह गर्भावस्था के दौरान होता है और अक्सर बच्चे के जन्म के बाद ठीक हो जाता है। पब्लिक हेल्थ स्पेशिलिस्ट डॉ. सौरभ सक्सैना बताया कि इस साल विश्व मधुमेह दिवस डायबिटीज एक्रॉस लाइफ स्टेज थीम से मनाया जा रहा है। हर व्यक्ति जिसे डायबिटीज है, उसे सही इलाज, मदद का माहौल और ऐसी योजना मिलनी चाहिए जो उनकी सेहत, सम्मान और खुद की देखभाल में मदद करें। डायबिटीज के कुछ सामान्य लक्षण हैंः- बार-बार पेशाब आना- बहुत प्यास लगना- वजन कम होना- थकान महसूस होना- धुंधली दृष्टि- घाव धीरे भरना- त्वचा पर संक्रमण या खुजली डायबिटीज के कई कारण हैं, जिनमें शामिल हैं-अनुवांशिकता- अस्वास्थ्यकर आहार- शारीरिक गतिविधि की कमी- मोटापा- तनाव- गर्भावस्था- उम्र बढ़ना डायबिटीज के बिना उचित इलाज और नियंत्रण के कई गंभीर जोखिम हैं, जैसेः- हृदय रोग- स्ट्रोक- किडनी की समस्या- आंखों की बीमारी (डायबिटिक रेटिनोपैथी)- पैरों की समस्या (डायबिटिक फुट)- तंत्रिका क्षति।

---

### भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती

# मॉ शबरी छात्रावास में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन जिला प्रशासन ललितपुर उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में सेवा समर्पण संस्थान द्वारा संचालित मां शबरी छात्रावास तालबेहट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष आदरणीय बैजनाथ रावत रहे, विशिष्ट अतिथियों में राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह गोलू राजा, तालबेहट नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने बेटियों की शिक्षा के ऊपर जोर देने के लिए कहा और कहा कि यदि बेटी शिक्षित होगी तो दो परिवारों का संरक्षण करेगी। भारत का संविधान आपको वो सभी अधिकार देता है, जिससे आप जो बनना चाहें वो बन सकते हैं। भगवान बिरसा मुंडा को सच्ची श्रंद्धाजलि तभी होगी जब उनके संघर्षशील जीवन से सीख लेकर स्वालम्बी बनेंगे। पुलिस अधीक्षक ने बेटियों की सुरक्षा के बारे में सुरक्षा के नंबर बताते हुए कहा कि 112, 181, 1090 और साइबर अपराध के लिए 1930 अपने पास याद रखें, सभी लोगों की इस नंबर पर कॉल करने पर सहायता की जाएगी तथा आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। राज्य मंत्री ने कहा कि आप सभी आदिवासियों की समस्या के लिए हमें पत्र लिखें, मैं हमेशा जनता के साथ हूं। मुख्य वक्ता ने भगवान बिरसा मुंडा के चरित्र के बारे में कहा कि उन्होंने अल्पायु में भगवान की पदवी प्राप्त कर ली क्योंकि उन्होंने अपने छोटे से जीवन काल में अंग्रेजों के साम्राज्य को कड़ी चुनौती दी, जिससे अंग्रेजों ने उन्हें जेल में बंद कर लिया। उनके अपने ही एक साथी ने कुछ रुपयों की लालच में उनको गिरफ्तार करवा दिया। 9 जून सन 1900 को उनकी मृत्यु रांची जेल में हो गई। सामंतवादी और ब्रिटिश सरकार का पुरजोर विरोध करते हुए भगवान बिरसा मुंडा ने अपनी स्वयं की सेना बनाई जिन्होंने कम संसाधनों में तीर कमान से अंग्रेजों से लोहा लिया, साथ ही मुख्य वक्ता महोदय ने कहा की प्रदेश सरकार के द्वारा 517 ग्राम आदिवासी ग्राम चयनित किए गए हैं जिम सर्वांगीण विकास किया जाएगा तथा ललितपुर जिले के भी 36 ग्राम उसमें चयन किए गए कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आदिवासी बच्चों ने सरस्वती वंदना स्वागत गीत के साथ वीणावादिनी स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया तथा आदिवासियों की लोक कला का जिसे सारा नृत्य कहते हैं वह नृत्य भी प्रस्तुत किया तथा आश्रम पद्धति के विद्यालय के छात्रों ने बनवासी बच्चों की वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत किया जिसकी बहुत सराहना की गई

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय श्रीवास्तव, वी डी ओ तालबेहट, जिला प्रोवेशन अधिकारी नंदलाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर इम्तियाज़ खान ,जिला एवं तहसील के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे। संचालन सुबोध गोस्वामी सारस्वत एवं महेश रिछारिया ने किया। संस्थान से अध्यक्ष इंजीनियर हाकिम सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष रामचरण सहरिया, घासीराम सहरिया, संस्था के संरक्षक जीएस परिहार, राम चरण सहरिया, सेवा समर्पण संस्थान के सह शिक्षा प्रमुख मनोज तिवारी, नगर अध्यक्ष सेवा समर्पण संस्थान ललितपुर डॉ जगवीर सिंह, तालबेहट नगर अध्यक्ष डॉक्टर हरिश्चंद्र झा, कपिल मिश्रा, संगठन मंत्री देशराज सहरिया, विभाग संगठन मंत्री मदन सहरिया, राम गोपाल गोस्वामी, रमेश दुबे, सत्येंद्र मिश्रा, सरोज रावत आदि उपस्थित रहे।

---

### बिरसा मुंडा जयंती पर कचहरी परिसर में हुआ कार्यक्रम

# वक्ताओं ने रखा जल, जंगल, जमीन के नायक का विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी और आदिवासी समाज के गौरव, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर कचहरी परिसर में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कई अधिवक्ता और वादकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और उनके आदर्शों को याद किया। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता हरदयाल सिंह लोधी ने कहा कि बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं थे, वह आदिवासी अस्मिता के प्रतीक थे।

उन्होंने जल, जंगल, जमीन के अधिकार के लिए ब्रिटिश हुकूमत और सामंतवादी व्यवस्था के खिलाफ उलगुलान (महान विद्रोह) छेड़ा। उनका संघर्ष हमें सिखाता है कि अपने हक के लिए लडऩा और प्रकृति की रक्षा करना हमारा मौलिक कर्तव्य है। अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने बिरसा मुंडा के आंदोलनों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिरसा मुंडा का नारा था अबुआ दिसुम अबुआ राज यानी हमारा देश, हमारा राज। उन्होंने आदिवासियों को संगठित किया और उन्हें अंधविश्वास, शराबखोरी और शोषण से मुक्ति दिलाई। उनका आंदोलन हमें बताता है कि सच्चे स्वराज का मतलब सिर्फ राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक न्याय भी है। वरिष्ठ अधिवक्ता नेमी चंद्र जैन ने कानूनी और सामाजिक परिप्रेक्ष्य से उनके योगदान को बताया कि बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेकर हम अधिवक्ताओं का भी यह दायित्व है कि हम समाज के कमजोर वर्गों, विशेषकर आदिवासी और वंचित समुदायों को न्याय दिलाने के लिए हमेशा तत्पर रहें। उन्होंने जिस साहस के साथ अन्याय का सामना किया, वह आज भी कानून के हर विद्यार्थी और पेशेवर के लिए प्रेरणा का स्रोत है। अधिवक्ता जानकी प्रसाद बौद्ध ने शिक्षा और जागरूकता पर जोर दिया बिरसा मुंडा ने बहुत कम उम्र में ही समझ लिया था कि शोषण के खिलाफ लड़ाई में शिक्षा और जागरूकता सबसे बड़े हथियार हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे देश के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर सुदूर क्षेत्रों के लोगों तक शिक्षा पहुंचे, ताकि वे अपने अधिकारों को जान सकें और अपने साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठा सकें। वक्ताओं ने सामूहिक रूप से उपस्थित लोगों से भगवान बिरसा मुंडा के दिखाए गए मार्ग पर चलने और उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित रहने वालों में हरदयाल सिंह लोधी, महेंद्र कुमार पाराशर, कैलाश नारायण राजपूत, पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, वरिष्ठ अधिवक्ता नेमी चंद्र जैन, शशिकांत लोधी, जानकी प्रसाद बौद्ध, देव सिंह राजपूत, अरुण सिंह राजपूत, रंजना राजपूत मौजूद रहे।

---

# बागपत से ललितपुर कारागार लाया गया ढाका

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

**कुख्यात हिस्ट्रीशीटर है**

कुख्यात हिस्ट्रीशीटर ज्ञानेंद्र ढाका को बागपत से ललितपुर जेल वापस लाया गया है। मंगलवार को पेशी के लिए बागपत भेजा गया था। शुक्रवार रात करीब डेढ़ बजे उसे जेल लाया गया। उसने खाना खाने से इनकार कर दिया और अपनी तन्हाई कोठरी में चला गया। ज्ञानेंद्र ढाका को गैंगस्टर एक्ट से जुड़े एक मामले में पेशी के लिए बागपत न्यायालय बुलाया गया था। इस मामले में प्रवीण उर्फ बब्बू हत्याकांड के वादी की गवाही होनी थी। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उसे बागपत ले जाया गया था, जहां उसे बागपत की जेल में रखा गया। बृहस्पतिवार को उसकी पेशी हुई। बता दें कि ज्ञानेंद्र ढाका चार माह से ललितपुर जेल में बंद है। चार नवंबर को उसने ललितपुर जेल से ही बागपत के स्कूल प्रबंधक कृष्णपाल राणा को मोबाइल से फोन कर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। इस मामले में बागपत के दोघट थाने में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। जेल से रंगदारी मांगने की घटना के बाद छह नवंबर को डीएम और एसपी ने जिला कारागार में छापा मारा था, जिसमें ज्ञानेंद्र ढाका के पास से एक मोबाइल फोन और सिम बरामद हुआ था। इस घटना के बाद जेलर, डिप्टी जेलर और एक जेल वार्डर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था। ज्ञानेंद्र ढाका को जिला कारागार में तन्हाई बैरक में स्थानांतरित कर दिया गया था। जेलर रामनरेश गौतम ने बताया कि ज्ञानेंद्र ढाका को ललितपुर जेल वापस लाया गया है।

# एसआईआर में बीएलओ घर घर जाकर देंगे गणना प्रपत्र

**ललितपुर।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के निर्धारित कार्यक्रम अन्तर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर भ्रमण कर गणना प्रपत्र वितरण एवं संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। उक्त कार्य में बी.एल.ओ. को बूथ लेवल एजेण्ट्स से सहयोग एवं समन्वय स्थापित किये जाने के दृष्टिगत समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से अपने दल के बूथ लेवल एजेण्ट्स को नियुक्त नियुक्त जाने की अपील की गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग 10 नवम्बर के माध्यम से भी समस्त राजनैतिक दलों को बीएलए नियुक्त करने हेतु अनुरोध किया गया है। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ बैठक की।

---

### अब संपूर्ण समाधान दिवस व थाना दिवसों में राजस्व टीम मौके पर करेगी काम

# लापरवाह अफसरों पर तय होगी जिम्मेदारी : डीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



आमजन को त्वरित न्याय और उनकी सुलभता के दृष्टिगत जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने शनिवार को तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और मौके पर कई शिकायतों का निस्तारण भी कराया। इसके साथ ही लम्बे समय से लम्बित चल रही शिकायतों पर सम्बंधित अधिकारियों को फटकार भी लगाई।

इस दौरान एक दिव्यांग महिला द्वारा दिव्यांग पेंशन खाते में न आने की शिकायत की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी से मौके पर ही शिकायतकर्ता का आधार ऑर्थेटिकेशन करवाकर आधार सीड कराया और पेंशन आने का निर्धारित समय भी बताया। जिलाधिकारी ने दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था और निराश्रित महिला पेंशन से सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि आगामी सभी सम्पूर्ण समाधान दिवसों में कैम्प लगाकर मौके पर ही लाभार्थियों का आधार सीडिंग व ऑर्थेटिकेशन, केवाईसी आदि औपचारिकताएं पूर्ण करायें, ताकि पेंशन अवरुद्ध न हो। इसके अलावा सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना दिवसों में राजस्व व भूमि विवादों की अधिकता को देखते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि आगामी सभी सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं थाना दिवसों में राजस्व की टीम मौजूद रहे और अतिक्रमण, अवैध कब्जा, भूमि आदि राजस्व वादों का मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराये। तालबेहट के पत्रकारों ने तालबेहट हाईवे पर टेकरी कट पर अत्यधिक दुर्घटनाएं होने के कारण ब्लैक स्पोट घोषित कर साईनेज आदि लगवाये जाने की मांग की, ताकि दुर्घटनाओं में कमी आए, इस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देष दिये कि यदि शिकायतें अधिक समय तक लम्बित रहती हैं तो ऐसे अधिकारियों को चिन्हित कर उनकी जिम्मेदारी तय की जाएगी।

#### ये शिकायतें प्राप्त हुईं

तहसील तालबेहट में कुल 120 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 35, विकास के 8, पुलिस के 22, विद्युत के 2, पूर्ति 11 तथा अन्य विभागों के 42 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 19 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील ललितपुर में कुल 17 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 5, पुलिस विभाग के 5, विद्युत के 2 तथा अन्य विभागों के 5 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 2 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में कुल 15 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 6, पुलिस के 5, पूर्ति का 1, विद्युत का 1 तथा नगर पंचायत के 02 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 1 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में कुल 12 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 5, पुलिस के 4 तथा अन्य विभागों के 3 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 01 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील पाली में कुल 15 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 11, पुलिस के 2 तथा अन्य विभागों के 2 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 2 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, उप जिलाधिकारी तालबेहट अभिजीत सिंह सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## निलंबित कर्मचारी के आरामशीन संचालकों के साथ लेनदेन के ऑडियो हुए थे वायरल

# विवादित डिप्टी रेंजर सोनगिरा अंततः रिटायरमेंट के 3 माह पूर्व सस्पेंड

### डीएफओ द्वारा गठित 2 सदस्यीय जांच कमेटी के प्रतिवेदन पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ वन विभाग के स्पेशल उड़नदस्ते में शामिल डिप्टी रेंजर मोहन सिंह सोनगिरा ने कुछ दिनों पूर्व आरामशीन संचालकों द्वारा जान से मारने की धमकी देने सहित अन्य आरोप लगाए थे। इन आरोपों के बाद डिप्टी रेंजर सोनगिरा की कुछ ऑडियो रिकार्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल हुईं जिनमें रुपयों के लेनदेन की बात करते नजर आए थे। उक्त पूरे घटनाक्रम के बाद जिला वनमंडलाधिकारी विजय कुमार द्वारा पूरे मामले की सूक्ष्मता से जांच हेतु एसडीओ की अध्यक्षता में 2 सदस्यीय कमेटी का गठन करते हुए तीन दिवस में जांच प्रतिवेदन सौंपने के तल्ख निर्देश दिए थे।

जांच कमेटी के प्रतिवेदन में सोनगिरा को दोषी पाया गया। इस आधार पर जिला वनमंडलाधिकारी ने गुरुवार देर शाम उनका सस्पेंशन आर्डर जारी कर दिया। निलंबन अवधि में उनका चिड़ीखो अभ्यारयण्य नियत किया गया है। उल्लेखनीय है कि निलंबित हुए डिप्टी रेंजर मोहन सिंह सोनगिरा आगामी तीन माह बाद फरवरी 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। उसके पहले ही उनकी कारगुजारियों के चलते सेवाकाल के अंतिम समय में यह बड़ा धब्बा लग गया है।



लेनदेन के वायरल ऑडियो के संबंध में गठित हुई जांच कमेटी

एसडीओ की अध्यक्षता में गठित कमेटी करेगी सूक्ष्मता से जांच


डिप्टी रेंजर को आरामशीन संचालकों और विधायक से मिल रही धमकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पिछले दिनों वन महकमे के स्पेशल उड़नदस्ते में शामिल डिप्टी रेंजर मोहन सिंह सोनगिरा ने आरामशीन संचालकों एवं खिलचीपुर विधायक द्वारा जान से मारने की धमकियां देने की लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी। शिकायत के बाद सोनगिरा की भी कुछ कॉल रिकार्डिंग सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुईं जिनमें वे विभाग के ही रेंजर, ड्राइवर को रुपए देने की बात कह रहे हैं। एक अन्य रिकार्डिंग में भी आरामशीन संचालक या अन्य व्यक्ति से हुई बातचीत में सोनगिरा द्वारा रुपयों के खुले लेनदेन की बात सामने आई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला वनमंडलाधिकारी बेनीप्रसाद दोतानिया ने पूरे मामले की सूक्ष्मता से जांच करने राजगढ़ एसडीओ दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। जारी आदेश में उल्लेख है कि उक्त कमेटी आगामी 03 दिवसों में अपना जांच प्रतिवेदन तैयार कर डीएफओ के सम्मुख प्रस्तुत करेगी। जांच प्रतिवेदन के आधार पर संबंधितों पर आगामी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

खिलचीपुर विधायक से भी मिले थे आरामशीन संचालक

कौन सही और कौन गलत जैसे इस पेंचीदा मामले को लेकर शुक्रवार को कई आरामशीन संचालकों ने खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी से भी भेंट की थी। खिलचीपुर रेस्ट हाऊस में आरामशीन संचालकों ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर शिकायत दर्ज करवाई की डिप्टी रेंजर मोहन सोनगिरा सहित उड़नदस्ते की टीम उन्हें लगातार परेशान करते हुए पैसों की मांग करती है। आरामशीन संचालकों के पास वैध लायसेंस होने के बावजूद उन्हें सोनगिरा व विभाग के अन्य कर्मचारियों द्वारा रिश्वत देने हेतु धमकाया जा रहा है।



आदेश द्वारा वनमंडलाधिकारी (सामान्य) वनमंडल राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

-:: आदेश ::-

आदेश क्रमांक/स्था./2025/158 राजगढ़ दिनांक :- 13/11/2025

श्री मोहनसिंह सोनगिरा, कार्यवाहक उपवनक्षेत्रपाल के विरुद्ध माननीय विधायक श्री हजारीलाल दांगी, विधानसभा क्षेत्र 163 खिलचीपुर द्वारा कि गई शिकायत कि जांच दल गठित कर जाँच कराई गई। जांच में आरामशीन मालिकों से लेन-देन करने की पुष्टि होने पर तथा मिडिया में बिना अनुमति के बयान देने तथा पत्रकार से वार्ता कर म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन करने पर श्री सोनगिरा, कार्यवाहक उपवनक्षेत्रपाल को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) में दिए गए प्रावधान अनुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन काल में इनका मुख्यालय वनपरिक्षेत्र अभ्यारण्य नरसिंहगढ़ रहेगा।

(विजय कुमार)
भा.व.से.
वनमंडलाधिकारी
सामान्य वनमंडल राजगढ़

पृ.क्रमांक/स्था./2025/3739 राजगढ़ दिनांक :- 13-11-25
प्रतिलिपि :-

(1) मुख्य वन संरक्षक भोपाल वृत्त भोपाल कि ओर सूचनार्थ अंग्रेषित।
(2) उपवनमंडलाधिकारी राजगढ़ कि ओर सूचनार्थ।
(3) अधीक्षक नरसिंहगढ़ अभ्यारण्य अध्यारण्य कि ओर सूचनार्थ। कृपया प्रकरण में आरोप-पत्र तैयार कर तत्काल प्रस्तुत करें।
(4) उड़नदस्ता प्रभारी राजगढ़/वनपरिक्षेत्राधिकारी अभ्यारण्य नरसिंहगढ़ के ओर सूचनार्थ।
(5) श्री मोहनसिंह सोनगिरा, कार्यवाहक उपवनक्षेत्रपाल कि ओर द्वारा वनपरिक्षेत्राधिकारी राजगढ़ के सूचनार्थ।
(6) वनपरिक्षेत्राधिकारी राजगढ़ कि ओर आदेश कि अतिरिक्त प्रति सहित सूचनार्थ। कृपया संबंधित को प्रति सौंपकर सदिनांक पावती इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

वनमंडलाधिकारी
सामान्य वनमंडल राजगढ़

### पहले डिप्टी रेंजर ने की थी एसपी से शिकायत

गत 06 नवंबर को डिप्टी रेंजर मोहन सोनगिरा ने आरामशीन संचालकों एवं खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी पर जान से मारने की धमकी देने सहित अन्य आरोप लगाए थे। इस बारे में उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक को लिखित में भी शिकायत की गई थी।

### शिकायत के बाद लेनदेन के ऑडियो हुए वायरल

उक्त शिकायत के कुछ घंटों बाद ही सोनगिरा द्वारा कुछ आरामशीन संचालकों सहित अन्य लोगों से लकड़ियों की अवैध कटाई, आरामशीनों को सील करने इत्यादि के संबंध में दो ऑडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए। इन ऑडियो में सोनगिरा खुलेआम विभाग के रेंजर, ड्राइवर को भी रुपए देने सहित लेनदेन से जुड़ी अन्य बातें कर रहे थे।

### आरामशीन संचालकों ने विधायक से भी की थी शिकायत

इस पूरे घटनाक्रम के बाद जिले के कई आरामशीन संचालक भी एकत्रित हुए और खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें सोनगिरा द्वारा आए दिन रुपयों की मांग करने अन्यथा आरामशीनों को सील करने के आरोप लगाए गए थे।

### डीएफओ द्वारा गठित जांच कमेटी ने पाया दोषी

सोशल मीडिया पर डिप्टी रेंजर द्वारा रुपयों के लेनदेन की खुलेआम बातचीत वायरल होने के बाद विभाग की खासी किरकिरी हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएफओ ने एसडीओ दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की। उक्त कमेटी की जांच में आरामशीन संचालकों से लेनदेन की पुष्टि होने एवं मप्र सिविल सेवा आचरण नियमों के विपरीत कार्य करने पर डीएफओ विजय कुमार ने डिप्टी रेंजर मोहन सोनगिरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

## जनपद पंचायत के नवीन भवन के शीघ्र निर्माण की तैयारी तेज

# आवंटित भूमि का मंत्री पंवार ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मोहनीपुरा (ब्यावरा) में जनपद पंचायत के नवीन कार्यालय भवन के लिए आवंटित भूमि का निरीक्षण मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री एवं स्थानीय विधायक नारायण सिंह पंवार द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर भवन निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई। मंत्री पंवार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लगभग 5 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले इस नवीन भवन का कार्य 1 साल के अंदर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनपद भवन का निर्माण ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, इसलिए प्रत्येक चरण पर पारदर्शिता और मानकों का पालन अनिवार्य है। निरीक्षण के दौरान मंत्री पंवार ने कहा कि आज प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में जनकल्याण और विकास की योजनाएं रिकॉर्ड गति से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि हर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो और प्रत्येक नागरिक तक सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर पहुँचे। जनपद के नवीन भवन का निर्माण भी इसी विकास यात्रा की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

### उपस्थित अधिकारियों ने दिए सुझाव

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने भवन निर्माण से संबंधित प्रारंभिक प्रस्ताव, तकनीकी बिंदुओं, आवश्यक सुविधाओं और समयसीमा पर अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। मंत्री पंवार ने सभी आवश्यकताओं का संज्ञान लेते हुए निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

## स्कूल में बाल दिवस पर हुआ आयोजन



**जीरापुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस बाल दिवस के उपलक्ष्य में महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी में बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि थाना प्रभारी रवि ठाकुर, संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार व अजय टेलर देवनारायण दांगी ने मां सरस्वती और जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया और फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षकों सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अनेकों स्वादिष्ट व्यंजनों के विभिन्न स्टाल लगाए गए। जिसमें गरमा गरम पोहा, समोसा, कचोरी, दही बड़े , पलक बड़े , खमंड, पानी पुरी, ड्राई फ्रूट, फल फ्रूट, मक्का, ज्वार की देसी राबड़ी, पास्ता, पकौड़ी ,ढोकला भेल सहित अनेकों गेम्स की दुकानें की 54 दुकानें मेले में लगाई गई। इस दौरान बच्चों को व्यापार कैसे किया जाता है और व्यापार में किस प्रकार से मुनाफा कमाया जाता समझाया। बच्चों ने भविष्य में व्यापार करने की योजना बनाई शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा भी दी गई।

## आनन-फानन में जिला अस्पताल के आईसीयू में कराया भर्ती

# पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने एसपी ऑफिस के पास खाया जहर




**राजगढ़।** शुक्रवार शाम अचानक हुए एक घटनाक्रम में अपने किसी मामले का निराकरण न होने के चलते एक युवक जहर खाकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गया। यहां उसकी तबीयत बिगड़ने पर एसपी के निर्देशों पर एसडीओपी, टीआई सहित अन्य उच्चाधिकारियों ने तत्काल संबंधित युवक को जिला अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती करवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपनी पत्नी एवं पारिवारिक विवादों के चलते युवक ने यह कदम उठाया। जिला अस्पताल में एमडी मेडीसिन डॉ. सुधीर कलावत द्वारा त्वरित इलाज शुरू किया गया जिसके बाद युवक की स्थिति में सुधार आया। हालांकि, खबर लिखे जाने तक वो बयान देने की स्थिति में नहीं था।

### कोई समस्या लेकर पहुंचा था युवक

जानकारी के अनुसार अरुण पिता सुरेश जाटव निवासी ग्राम ढाबली, खुजनेर शुक्रवार शाम को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा। एसपी ऑफिस या एसपी ऑफिस के बाहर अरुण ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था जिसके चलते उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे उल्टियां होने लगी। एसपी को जानकारी लगने पर उन्होंने तुरंत उच्चाधिकारियों के साथ युवक को जिला अस्पताल भिजवाया जहां उसे आईसीयू वार्ड में भर्ती करवाया गया। सूत्रों के अनुसार जहर खाने वाला युवक अरुण अपनी किसी समस्या को लेकर खासा परेशान था। समस्या का समाधान न होने के चलते उसने यह जानलेवा कदम उठाया लिया। खबर लिखे जाने तक युवक की स्थिति सामान्य बनी हुई थी।

## जंगली जानवरों के झुंड से किसान परेशान, फसलें हो रहीं चौपट



**सारंगपुर।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही जंगली जानवरों की संख्या अब किसानों के लिए बड़ा संकट बनती जा रही है। हालात ऐसे हैं कि सैकड़ों की संख्या में घोड़ा-रोज के झुंड खुले में विचरण करते हुए किसानों की खड़ी फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा रहे हैं। इनके साथ हिरणों के झुंड भी खेतों में घुसकर फसलें बर्बाद कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि जंगली जानवरों से हो रहे नुकसान के कारण उन्होंने कई परंपरागत फसलों का उत्पादन बंद कर दिया है। मजबूरी में अब केवल सोयाबीन जैसी सीमित खरीफ फसलों की बुवाई कर रहे हैं, जो लगातार कई वर्षों से अतिवृष्टि की मार झेल रही है। क्षेत्र के किसान विष्णु नागर, नितेश नागर, भैंसवा माताजी के ग्रामीणों सहित किसान संघ के जिला संगठन मंत्री देवनारायण नागर ने क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल तथा सांसद रोडमल नागर से मांग की है कि शाजापुर के कालापीपल क्षेत्र की तरह यहां भी अफ्रीकी कंपनी की 'बोमा पद्धति' से घोड़ा-रोज और काले हिरणों का बड़े स्तर पर रेस्क्यू कराया जाए, ताकि किसानों की समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके।

# बालदिवस : गंज स्कूल में बालमेले की 40 साल पुरानी परंपरा हुई खत्म, स्कूल के मैदान में सन्नाटा

## शिक्षा विभाग भी बालमेला शुरू करवाने में नहीं दिखा रहा दिलचस्पी



**राजगढ़।** स्वतंत्रत भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु का जन्मदिवस 14 नवंबर को बाल-दिवस के रूप में मनाया जाता है। बालदिवस पर राजगढ़ नगर के मेन मार्केट गंज स्कूल में बीते करीब 40 सालों से बालमेले का आयोजन करवाया जाता रहा है लेकिन कल गंज स्कूल का पूरा मैदान सपाट नजर आया और यहां किसी तरह का कोई बाल-मेला आयोजित नहीं किया गया।

शिक्षा विभाग ने दो-तीन वर्षों पूर्व से गंज स्कूल में बाल-मेला आयोजन अचानक बंद कर दिया था। इसके बाद से यहां बालमेले का आयोजन नहीं किया गया। हालांकि, बालमेला न लगने की बात जिन बच्चों, महिलाओं या आमजनों को नहीं थे वे बालमेले का लुत्फ लेने जब स्कूल पहुंचे तो गंज स्कूल के मैदान में सन्नाटा पसरा देख कईं तरह की बातें करते हुए वापस अपने-अपने घरों को लौट गए।

### *बच्चों, शिक्षिकाओं द्वारा लगाए जाते थे व्यंजनों के स्टॉल*

*आपको बतादें कि राजगढ़ नगर के सबसे पुराने गंज स्कूल में सन 1980 से बालमेले का आयोजन होता आ रहा था। इस बालमेले में विभिन्न स्कूलों के बच्चों, शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा तरह-तरह के व्यंजन इत्यादि बनाए जाते थे जिन्हें आमजन खरीदकर बड़े चाव से खाते थे। इसके साथ ही पंडित नेहरु के जन्मदिवस को यादगार बनाने मेले में अन्य आयोजन भी हुआ करते थे। परन्तु, अब यह बालमेला अतीत की बात हो चुकी है। शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी यहां बालमेले आरंभ करवाने हेतु उत्सुक नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि, राजगढ़ सहित जिले के अन्य स्कूलों में बालदिवस खासा धूमधाम से मनाया गया और विीभ्नि स्कूलों में चाचा नेहरु के जन्मदिवस पर कईं तरह के आयोजन रखे गए।*

## पत्थर पीठा बाजार की दुकानें शांति धाम मार्ग पर शिफ्ट होंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



पत्थर पीठा बाजार में बनने वाले शॉपिंग कॉम्पलेक्स के कारण वर्षों से संचालित अस्थायी दुकानों को हटाकर शांति धाम मार्ग पर शिफ्ट किया जाएगा। शुक्रवार को विधायक मोहन शर्मा ने नगर पालिका टीम के साथ स्थल निरीक्षण कर नए स्थान का चयन किया। करीब 4.54 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस कॉम्पलेक्स में 144 दुकानें, नाला, सीसी रोड, पब्लिक टॉयलेट, ड्रेनेज, फुटपाथ, पेवर ब्लॉक और लाइटिंग सहित सभी मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि पुराने दुकानदारों को वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं सीएमओ अभिषेक जैन ने बताया कि कॉम्पलेक्स निर्माण शुरू होते ही क्षेत्र का सौंदर्यीकरण और सुविधाएं बेहतर होंगी।

## कलेक्टर और एसपी भी बाइक पर हुए सवार

# बाल विवाह मुक्ति का संदेश देने निकाली बाइक रैली

**राजगढ़।** राजगढ़ जिला सालों से बाल सगाई एवं बाल विवाह का दंश झेल रहा है। हालांकि, इन कुप्रथाओं के उन्मूलन के लिए पुलिस, प्रशासन, सामाजिक व अन्य संस्थाओं, न्याय विभाग द्वारा कई जागरुकता कार्यक्रम शुरू किए गए हैं ताकि लोग बाल-विवाह के दुष्परिणामों को जान सकें।

इसी कड़ी में विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शुक्रवार को प्रशासन, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी के साथ ही अधिवक्ता, समाजसेवियों एवं अन्य व्यक्तियों के सहयोग से बाइक रैली का आयोजन करवाया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश राजीव आप्टे ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं एसपी अमित तोलानी भी हेलमेट लगाकर बाइक रैली में शामिल हुए। जागरूकता बाइक रैली का मुख्य उद्देश्य जिला राजगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचलित बाल विवाह प्रथा के उन्मूलन के लिए जागरूकता पैदा करना था।



## भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित




**शुजालपुर।** शनिवार को गीता सुतारिया शिक्षण संस्थान कड़वाला द्वारा जनपद शुजालपुर में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। समारोह का शुभारंभ बिरसा मुंडा की छायाचित्र पर माल्यार्पण व सभी को भगवा पट्टी पहनकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राम भरोसन भिलाला ने कहा कि बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव और स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे। ग्राम पंचायत सरपंच हेमंत कुमार राठौर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में नरेंद्र सिंह मकवाना शिक्षकों और वक्ताओं ने भी उनके योगदान को याद किया। ग्राम के अंकुर संस्थान के सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश कुमार पुरबिया ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अपनी कुशल रणनीति और अदम्य साहस से अंग्रेजों से लोहा लिया। रामजी पाटीदार ने उन्हें जनजातीय वर्ग के मसीहा बताते हुए कहा कि उन्होंने देशभक्ति के साथ-साथ वंचित वर्गों के उत्थान के लिए भी कार्य किए। सूरज भिलाला ने कहा आज का यह आयोजन विद्यार्थियों को देशभक्ति, साहस और जनजातीय गौरव की सीख देने वाला है। अरुण भिलाला ने कहा कि बिरसा मुंडा जी महानायक और युग पुरुष थे, जो शौर्य, वीरता और देशभक्ति के प्रतीक हैं। सूरज भिलाला मदन वर्मा जितेंद्र परमार ने बिरसा मुंडा जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## बिहार में हुई प्रचंड जीत से उत्साहित भाजपाईयों ने मनाया जश्न,एक-दूसरे को

# जनता अब केवल सर्वांगीण विकास, सुशासन और सही नीतियों पर भरोसा करती है : मंत्री नारायण सिंह पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की शानदार जीत के रुझानों के बाद ऐतिहासिक जीत मिलने पर भारतीय जनता पार्टी मंडल ब्यावरा ने मंत्री नारायण सिंह पवार के नेतृत्व में पीपल चौराहे पर जमकर आतिशबाजी की और मिठाइयां बांटी। बिहार में एनडीए सरकार की जीत पर कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया गया। बीजेपी समर्थकों ने नरेंद्र मोदी जिंदाबाद एनडीए सरकार जिंदाबाद, आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। मंत्री नारायण सिंह पवार ने मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री मोहन यादव को बिहार की जीत की बधाई देते हुए कहा की हमारे मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बिहार में जितनी भी सभाए की सभी जगह भारतीय जनता पार्टी जीत दर्ज की है और उनका जादू बिहार में चला हर मतदाता के जुबान पर हमारे मुख्यमंत्री जी का नाम खूब आया और इसका लाभ बिहार की जनता को मिला।






विजय उत्सव का आभार मंडल महामंत्री दीपक समारे ने किया इस अवसर पर उपस्थित जनपद अध्यक्ष जगदीश गुर्जर वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण सिंह सलारियाखेडी, भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, रामनारायण डांगी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा वरिष्ठ नेता अरविंद शर्मा, वरिष्ठ पार्षद गोपाल जाटव, वहीं राजगढ़ में भी एनडीए की प्रचंड बहुमत से हुई जीत से उत्साहित भाजपाईयों द्वारा जश्न मनाया गया। मुख्यालय पर बिरसा मुंडा चौराहे पर एकत्रित हुई पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी वहीं चैराहे पर जमकर आतिशबाजी भी की गई। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने कहा कि यह जीत बिहार की नहीं बल्कि संपूर्ण देश की जीत है। इससे प्रधानमंत्री के हाथ और मजबूत होंगे। पूर्व राज्यमंत्री रघुनंदन शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, जिला महामंत्री देवीसिंह सौंधिया ने कहा कि यह जीत हर उस हिन्दुस्तानी की जीत है जो देश से प्यार करता है।

### सुठालिया में भी बिहार जीत पर मनाई खुशियां

बिहार मे एनडीए की धमाकेदार जीत पर नगर में भाजपा कार्यकर्ताओ ने आतिशबाजी कर मनाई खुशियां स्थानीय बस स्टैंड चैराहे पर सुठालिया मंडल के पद अधिकारियों ने भारीआतिशबाजी कर आपस में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाईयां दी नारेबाजी की। स्थानीय राम मंदिर चौराहे पर भी कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जित का जश्न मनाया इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सोंधिया वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज शर्मा नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिराज लोधी भाजपा पार्षद आकाश अग्रवाल ओमप्रकाश पालीवाल पूर्व पार्षद श्याम नामदेव शिवकुमार चक्रवर्ती हरिओम दिनेश वर्मा गौतम शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता नागरिक शामिल थे।

## हायर सेकंडरी स्कूल कुरावर में रेडक्रॉस ने मनाया सेवा दिवस

**कुरावर।** शुक्रवार को स्थानीय हायर सेकंडरी स्कूल में रेडक्रास दल , स्काउट गाइड दल, छात्र छात्राएं, शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं प्राचार्य द्वारा सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं एवं स्टाफ ने विद्यालय में साफ सफाई कर सेवा कार्य किया तथा स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को फल वितरित किए। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य अल्बिना टोप्पो, रेड क्रॉस प्रभारी संजय जायसवाल वरिष्ठ शिक्षक के सी नागर ,रीना मीणा ,तेजराम सेन, मुकेश लववंशी, तेज सिंह राठौर तथा महेश पुष्पद उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया घर-घर सर्वे कार्य का निरीक्षण, बीएलओ के कार्यों की समीक्षा की

**गुना।** जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के घर-घर सर्वे कार्य की वास्तविक प्रगति जानने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री किशोर कुमार कन्याल ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय मतदान केंद्र क्रमांक 33, मतदान केंद्र क्रमांक 37 तथा आदर्श माध्यमिक विद्यालय पुरानी छावनी स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 35 का मौके पर पहुँचकर सर्वे की स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बीएलओ ने घर-घर सर्वे के दौरान फॉर्म वितरण, आवश्यक दस्तावेजों की फोटो ऐप के माध्यम से अपलोड करने सहित पूरी प्रक्रिया का प्रस्तुतिकरण किया। मास्टर ट्रेनर भी स्थल पर मौजूद रहे और गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रपत्र में तीन कॉलम हैं—पहले कॉलम में वर्तमान स्थिति, दूसरे में वर्ष 2003 की स्थिति, तथा यदि 2003 के आंकड़े उपलब्ध न हों तो तीसरे कॉलम में अतिरिक्त जानकारी दर्ज की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वे कार्य पूर्ण पारदर्शिता और शुद्धता के साथ किया जाए, ताकि आगामी प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम शिवानी पांडे, तहसीलदार जीएस बैरवा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।